# सिगरेट-गुटखा की कीमतों में राहत नहीं

**टैक्स कटौती बेअसर-तंबाकू फिर भी रहेगा महंगा**

**जीएसटी सेस हटेगा, नया सेस लगेगा-कीमतें जस की तस**

**नई दिल्ली 01 दिसंबर. सरकार तंबाकू और सिगरेट जैसी सिन गुड्स को सस्ता होने से रोकने के लिए एक बड़ा कदम उठाने जा रही है. जीएसटी के तहत लगने वाला कम्पेंसेशन सेस अब समाप्त हो सकता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि सिगरेट, गुटखा या पान मसाला की कीमतों में कोई राहत मिलेगी.**

इसके बजाय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद के शीतकालीन सत्र में एक नया 'हेल्थ एंड सिक्योरिटी सेस' बिल पेश करने जा रही हैं, ताकि इन उत्पादों की मौजूदा कीमतें बरकरार रहें और लोगों को इनके सेवन से दूर रखा जा सके. सरकार का स्पष्ट संदेश है—तंबाकू स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, इसलिए इसे सस्ता नहीं होने दिया जाएगा. इस नए सेस से प्राप्त राजस्व को डिफेंस और सार्वजनिक स्वास्थ्य योजनाओं में खर्च किया जाएगा. पड़ोसी देशों के साथ बढ़ते तनाव और स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने की जरूरत को देखते हुए केंद्र सरकार इन उत्पादों पर पहले जैसी ही सख्ती बनाए रखना चाहती है. यानी टैक्स स्ट्रक्चर बदलेगा, लेकिन जेब पर बोझ नहीं. सरकार जल्द ही तंबाकू, सिगरेट, बीड़ी और पान मसाले पर नया सेस लगाने की तैयारी कर रही है.

एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, यह सिर्फ कमाई का तरीका नहीं है; यह पब्लिक हेल्थ के हित में एक ठोस नीति है. सिगरेट पर अभी 5 प्रतिशत से 64प्रतिशत तक साथ भारी कम्पेंसेशन सेस लगता है. नया सेस भी लगभग समान स्तर पर रखा जाएगा ताकि किसी भी प्रकार की कीमत गिरावट को रोका जा सके.



> वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज लोकसभा में वह विधेयक पेश करेंगी, जिसे जीएसटी कम्पेंसेशन सेस के स्थान पर लागू किया जाएगा. 2017 में जीएसटी लागू होने के साथ यह सेस राज्यों को 14प्रतिशत अतिरिक्त राजस्व देने के लिए लगाया गया था, लेकिन कोरोना के बाद राजस्व असंतुलन बढ़ने से इसे 2026 तक बढ़ाना पड़ा. अब, जब यह अवधि घटाई जा रही है, सरकार तंबाकू उत्पादों पर नई संरचना लागू करना चाहती है. नया 'हेल्थ एंड सिक्योरिटी सेस' केवल राजस्व का स्रोत नहीं होगा, बल्कि एक सामाजिक संदेश भी देगा—कि तंबाकू जैसे हानिकारक उत्पाद को सस्ता नहीं किया जाएगा.


## पैनासोनिक ने धोनी को बनाया ब्रांड एंबेसडर




**नयी दिल्ली, 01 दिसंबर.** पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया ने दुनिया भर में कैप्टन कूल के नाम से मशहूर पूर्व भारतीय कप्तान और युवाओं के पसंदीदा महेंद्र सिंह धोनी को देश में अपने एयर कंडीशनर पोर्टफोलियो का नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है. कंपनी नें बताया धोनी निरंतरता, संयम और उच्च क्षमता वाले प्रदर्शन के प्रतीक हैं. उनके पैनासोनिक परिवार से जुड़ने से देशभर में उपभोक्ताओं के बीच ब्रांड की पहचान और जुड़ाव को बढ़ावा मिलेगा. धोनी के कंपनी के साथ जुड़ने पर पैनासोनिक लाइफ के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी तदाशी चिबा ने कहा, यह साझेदारी साझा मूल्यों का प्रतिबिंब है.

# औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर घटी

**नयी दिल्ली, 01 दिसंबर. बिजली उत्पादन और खनन में गिरावट के कारण अक्टूबर में देश के औद्योगिक उत्पादन में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी जो 14 महीने का निचला स्तर है. अगस्त 2024 में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में 4.45 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी थी. इस साल सितंबर में औद्योगिक उत्पादन 4.6 प्रतिशत और पिछले साल अक्टूबर में 3.7 प्रतिशत बढ़ा था.**



केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वार सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि नवंबर में बिजली उत्पादन 6.9 प्रतिशत घट गया. एक साल पहले इसमें दो प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी थी. खनन में भी 1.8 प्रतिशत की गिरावट रही, जबकि पिछले साल 0.9 फीसदी की वृद्धि हुई थी. वहीं, विनिर्माण की वृद्धि दर एक साल पहले के 4.4 प्रतिशत से घटकर 1.8 प्रतिशत रह गयी. पूरे वित्त वर्ष के दौरान अप्रैल से अक्टूबर के बीच औद्योगिक उत्पादन 2.7 प्रतिशत बढ़ा है. पिछले साल इसी अवधि में यह चार प्रतिशत ऊपर रहा था. इस दौरान, खनन में 1.9 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी है जबकि बिजली उत्पादन सपाट रहा था यानी पिछले साल के स्तर पर ही रहा था. विनिर्माण की वृद्धि दर 3.9 प्रतिशत पर स्थिर रही. विनिर्माण के तहत 23 औद्योगिक समूहों में से नौ में अक्टूबर में उत्पादन बढ़ा है, जबकि अन्य में घटा है. प्रमुख धातुओं का विनिर्माण 6.6 प्रतिशत, कोयला और शोधित पेट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन 6.2 प्रतिशत और मोटर वाहनों, ट्रेलर तथा सेमी-ट्रेलर का 5.8 प्रतिशत बढ़ा है.



# विमान ईंधन 5 .5 प्रतिशत महंगा, वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर सस्ता

**विमान ईंधन की कीमत 5133 .75 रुपये बढ़कर 99,676 .77 रुपये**

**14 .2 किलोग्राम वाले घरेलू सिलेंडर में कोई बदलाव नहीं किया गया है**

**नयी दिल्ली, 01 दिसंबर.तेल विपणन कंपनियों ने सोमवार से विमान ईंधन के दाम करीब 5.5 प्रतिशत बढ़ा दिये हैं जबकि 19 किलोग्राम वाले रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में कटौती की गई है. देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में आज से विमान ईंधन की कीमत 5133.75 रुपये बढ़कर 99,676.77 रुपये प्रति किलोलीटर हो गयी है.**

इससे पहले नवंबर में कीमत 0.83 प्रतिशत बढ़कर 94,543.02 रुपये प्रति किलोलीटर रही थी. अक्टूबर में भी इसकी कीमत तीन प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी थी. कोलकाता में आज से विमान ईंधन 4.94 प्रतिशत महंगा होकर 1,02,371.02 रुपये प्रति किलोलीटर मिलेगा. मुंबई में इसकी कीमत 5.46 फीसदी और चेन्नई में 5.31 फीसदी बढ़ाकर क्रमश- 93,281.04 रुपये और 1,03,301.80 रुपये प्रति किलोलीटर कर दी गयी है. वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में लगातार दूसरे महीने कटौती की गयी है जबकि 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू सिलेंडर में कोई बदलाव नहीं किया गया है.

दिल्ली में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर आज से 10 रुपये सस्ता हो गया है. नवंबर में यह पांच रुपये सस्ता हुआ था. अब दिल्ली में 19 किलोग्राम वाला एलपीजी सिलेंडर 1,580.50 रुपये का मिलेगा. कोलकाता में भी इतनी ही कटौती के साथ इसकी कीमत 1,684 रुपये कर दी गयी है. मुंबई और चेन्नई में इसकी कीमतों में 10.50 रुपये की कटौती की गयी है.

> तेल विपणन कंपनियां अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में हुए बदलावों तथा डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर के आधार पर रसोई गैस और विमान ईंधन के दामों की हर महीने समीक्षा करती हैं और आम तौर पर हर महीने की पहली तारीख से नयी कीमतें लागू कर दी जाती हैं.

# सोना-चांदी के दामों में आई जबरदस्त तेजी

**नई दिल्ली, 01 नवबंर. चढ़कर 1,28,602 पर पहुंच गया. वहीं चांदी 9,381 उछलकर 1,73,740 प्रति किलो हो गई. लगातार तीसरे महीने गोल्ड और सिल्वर मार्केट में तेजी की लहर बनी हुई है. इसके साथ ही इस साल सोने की कीमतों में कुल 52,440 की बढ़त और चांदी में 87,723 की उछाल देखने को मिल चुकी है.**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर इंडेक्स के कमजोर होने, केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की लगातार खरीद और क्रिप्टो मार्केट की अनिश्चितता ने निवेशकों को सुरक्षित जगह की तरफ धकेला है. शादी के सीजन की मांग ने भी घरेलू बाजार में तेजी को बढ़ावा दिया है. विशेषज्ञों का कहना है कि भू-राजनीतिक तनाव, महंगी होती कमोडिटी और केंद्रीय बैंकों का रवैया इस तेजी को और आगे बढ़ा सकता है. केडिया एडवाइजरी के मुताबिक इस साल सोना 1.35 लाख प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकता है. सोने और चांदी के दामों में सोमवार को भारी तेजी देखी गई. इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन द्वारा जारी ताज़ा दरों के अनुसार 10 ग्राम सोना आज 2,011 चढ़कर 1,28,602 पर पहुंच गया, जबकि चांदी 9,381 बढ़कर 1,73,740 प्रति किलोग्राम पर जा पहुंची. यह तेजी अक्टूबर में बने ऑल-टाइम हाई के बाद एक बार फिर नए रेंज की तरफ इशारा कर रही है.

# वाहनों की हो रही बंपर बिक्री

**नयी दिल्ली, 01 दिसंबर. वस्तु एवं सेवा कर की दरों में कटौती के बाद नवंबर में लगातार दूसरे महीने वाहनों की बंपर बिक्री हुई और देश की सबसे बड़ी कार निर्माता मारुति सुजुकी ने मासिक बिक्री का नया कीर्तिमान स्थापित किया.**



मारुति सुजुकी इंडिया ने सोमवार को बताया कि नवंबर में उसने कुल 2,29,021 यात्री वाहन बेचे जो मासिक बिक्री का नया रिकॉर्ड है. इसमें घरेलू बाजार में उसने अपने 1,74,593 बेचे जो नवंबर 2024 के मुकाबले 21 प्रतिशत अधिक है. उसने साझेदार कंपनी के 8,371 वाहन बेचे. साथ ही 46,057 वाहनों का रिकॉर्ड निर्यात किया.

निर्यात समेत उसकी कुल बिक्री में 26 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गयी है. महिंद्रा एंड महिंद्रा की कुल बिक्री 19 प्रतिशत बढ़कर 92,670 इकाई पर पहुंच गयी.

# धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल ने हासिल की वैश्विक उपलब्धि

**मुबंई, 01 दिसबंर. कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल ने हासिल की महत्वपूर्ण वैश्विक उपलब्धि; गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के साथ-साथ पर्यावरणीय और सामाजिक जिम्मेदारी का नया मानक स्थापित किया- यह अस्पताल हेल्थकेयर सस्टेनेबिलिटी के लिए ज्वाइंट कमीशन इंटरनेशनल द्वारा विशेष मान्यता प्राप्त करने वाला भारत का पहला और विश्व का पांचवां अस्पताल बन गया है.**



इस सर्टिफिकेशन ने यह स्थापित कर दिया है कि मुंबई का यह अस्पताल न केवल सामान्य संचालन में मजबूत और लचीला है, बल्कि जलवायु परिवर्तन से संबंधित जोखिमों के प्रबंधन के लिए भी विश्व स्तर के मानकों का पालन करता है, जिससे वह इस क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान बन गया है.

कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल एंड मेडिकल रिसर्च इंस्टिट्यूट ने घोषणा की है कि उनके मुंबई के अस्पताल को अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित जॉइंट कमीशन इंटरनेशनल ने इंटरनेशनल हॉस्पिटल फेडरेशन के जिनेवा सस्टेनेबिलिटी सेंटर के साथ साझेदारी में हेल्थकेयर सस्टेनेबिलिटी प्रोग्राम के लिए सर्टिफिकेट ऑफ डिस्टिंक्शन से सम्मानित किया है. यह प्रतिष्ठित और बहुत ही मूल्यवान सम्मान प्राप्त करके, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल इस कठोर वैश्विक मानक को पूरा करने वाला भारत का पहला और विश्व का पांचवां अस्पताल बन गया है. यह उपलब्धि अस्पताल की स्थिरता पहलों और पर्यावरण-अनुकूल स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है.

स्वास्थ्य सेवा दुनिया में सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन करने वाले पहले 5 उद्योगों में से एक है. आज के दौर में वैश्विक स्वास्थ्य प्रणालियाँ परिचालन जोखिम को कम करने और जलवायु-संबंधी व्यवधानों के खिलाफ लचीलापन मजबूत करने के प्रयासों को तेज कर रही हैं. ऐसे में कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल को मिला यह सर्टिफिकेशन बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह इस तरह के विश्व स्तरीय अस्पताल से की जाने वाली अपेक्षाओं के अनुरूप है. इन अपेक्षाओं में टास्क फोर्स ऑन क्लाइमेट-रिलेटेड फाइनेंशियल डिस्क्लोजर और इंटरनेशनल सस्टेनेबिलिटी स्टैंडर्ड्स बोर्ड जैसे ढाँचों के तहत स्वास्थ्य सेवा संगठनों द्वारा जलवायु-जोखिम खुलासे पर बढ़ता ध्यान शामिल है.

> कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और कार्यकारी निदेशक, डॉ. संतोष शेट्टी ने वित्तीय और रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डाला, यह सर्टिफिकेशन हमारे मूल विश्वास को दर्शाता है कि स्थिरता बेहतर क्लिनिकल परिणामों और मजबूत संचालन प्रदर्शन दोनों को संभव बनाती है. हमारा 2030 सस्टेनेबिलिटी रोडमैप (कार्ययोजना) ऊर्जा दक्षता, जल प्रबंधन, कम उत्सर्जन के लिए काम आने वाली सामग्रियों और जलवायु-प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे पर केंद्रित है. ये निवेश लंबी अवधि के लागत दबावों को कम करने, मरीज की सुरक्षा में सुधार करने और बढ़ते जलवायु अस्थिरता का सामना कर रहे शहर में व्यावसायिक निरंतरता को मजबूत करने के लिए डिजाइन किए गए हैं.


## आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

Aadhar Housing Finance Ltd

**कार्पोरेट कार्यालय:** युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड़, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई-400069.
**पीथमपुर शाखा :** शॉप नंबर डीयूजीएफ-46 एवं डीयूजीएफ-47, प्रापर्टी नंबर 138 एवं 139, सुदर्शन कॉम्प्लेक्स और संस्कार वैली, महू-नीमच रोड, पीथमपुर, जिला - धार (म.प्र.) **प्राधिकृत अधिकारी : दीपक मालवीय, संपर्क : 7583898990**

**निजी संधि के माध्यम से सरफेसी अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत संपत्ति की बिक्री के हेतु सूचना**

चूँकि आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL) के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के तहत सुरक्षित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। और चूँकि प्राधिकृत अधिकारी ने पहले ई-नीलामी नोटिस जारी किए थे लेकिन कोई सफल बोलीकर्ता को आकर्षित नहीं कर सका, और अब उसने नीचे दी गई सुरक्षित संपत्ति को निजी समझौते के माध्यम से विक्रय करने का फैसला किया है। प्राधिकृत अधिकारी को इस संबंध में कुछ इच्छुक व्यक्तियों से सुरक्षित संपत्ति की खरीद के लिए प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। प्राधिकृत अधिकारी एतद्द्वारा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 एवं 9 के संदर्भ में उपरोक्त संपत्ति की निजी समझौते के माध्यम से बिक्री के लिए आम तौर पर उधारकर्ताओं को यह नोटिस दे रहा है। खाते का विवरण इस प्रकार है:

| क्रं. | लोन कोड नं. /शाखा | ऋणी/सह-ऋणी का नाम | मांग सूचना दिनांक एवं राशि | आरक्षित मूल्य (RP) | कुल बकाया ऋण राशि | सुरक्षित संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (लोन कोड नं. 05100001711 & 05100002592 / पीथमपुर शाखा) | आरीफ हुसैन (ऋणी) शाहीन बी (सह-ऋणी) महेश ओझा (जमानतदार) | 08-05-2024 एवं ₹ 4,58,386/- | ₹ 4,50,000/- | ₹ 5,53,736/- & ₹ 1,62,470/- दि. 25-11-2025 तक | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, 3 1 1 2 1 3 1 1 4 1 प्लॉट नंबर 484 ममता नगर करौंदिया चौपाटी ग्राम भाटखेड़ी तहसील महू जिला इंदौर, मध्य प्रदेश, 453441 पर स्थित **चर्तुसीमाएँ:**-पूर्व-प्लाट नं. 459, पश्चिम- रोड़, उत्तर- प्लाट नं. 483, दक्षिण- प्लाट नं.485 |
| 2. | (लोन कोड नं. 05110000378/ पिथमपुर शाखा) | विजय (ऋणी) तुलसी (सह-ऋणी) | 12-04-2025 एवं ₹ 6,36,977/- | ₹ 5,95,000/- | ₹ 7,35,416/- दि. 20-11-2025 तक | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, खसरा नं. 171/2/1 पैकी प.ह. नं. 81 नया 41 ग्राम चिराखन गोकुल धाम कॉलोनी के पास प्लॉट नं. ए-14 चिराखन तहसील देपालपुर इंदौर जिला, इंदौर मध्य प्रदेश 453001 **चर्तुसीमाएँ:**- पूर्व-प्लॉट नं. ए-13, पश्चिम-प्लॉट नं. ए-15, उत्तर-रोड, दक्षिण-अन्य की भूमि |

**यह सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत 15 दिन का बिक्री नोटिस** जो उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता एवं जमानतदार को दिया जाता है कि उपरोक्त वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है और जिसका भौतिक कब्जा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उसे 'जैसा है जहाँ है', 'जैसी है वैसी है', और 'जो भी है' के आधार पर निजी समझौते के माध्यम से बेचा जाएगा, ताकि आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को देय राशि की वसूली की जा सके।

यदि उधारकर्ता(ओं), सह-उधारकर्ता(ओं) के पास कोई ऐसा खरीदार है जो दी गई आरक्षित मूल्य से अधिक कीमत पर सुरक्षित संपत्ति खरीदने के लिए तैयार है, तो उधारकर्ता(ओं), सह-उधारकर्ता(ओं) को **22.12.2025** से एक दिन पहले AHFL को सूचित करना होगा, जिसके बाद AHFLउस खरीदार को वरीयता देगा। यदि उधारकर्ता(ओं), सह-उधारकर्ता(ओं) **22.12.2025** से एक दिन पहले सूचित करने में विफल रहते हैं, तो AHFL ऊपर दिए गए आरक्षित मूल्य पर संपत्ति की बिक्री के लिए आगे बढ़ेगा। यह संपत्ति AHFL को ज्ञात या अज्ञात, सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेची जा रही है। प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार किसी भी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/बकाए के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। क्रेता को अपनी संतुष्टि के लिए संपत्ति (निजी समझौते के माध्यम से बिक्री के तहत) से संबंधित सभी पहलुओं पर उचित जांच पड़ताल करनी चाहिए। क्रेता बाद की तारीख में इस संबंध में प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार के खिलाफ कोई दावा करने का हकदार नहीं होगा।

**नीलामी की तारीख 22.12.2025 तय की गई है।**

**स्थान : मध्यप्रदेश, दिनांक : 02.12.2025**

**सही/- प्राधिकृत अधिकारी**
**आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**



## मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक

क्षेत्रीय कार्यालय, देवास

आपका अपना बैंक

**प्रधान कार्यालय : 204, द्वितीय तल, सी-21 बिजनेस पार्क सी-21 चौराहा, होटल रेडिसनब्लू के सामने, एम.आर. 10, इन्दौर (म.प्र.) 452010**
**क्षेत्रीय कार्यालय, देवास - सीजन-1, दूसरी मंजिल, कालानी बाग, ए.बी. रोड, देवास (म.प्र.), दूरभाष क्रमांक 07272-251068**

**वाहन नीलामी सूचना**

बैंक द्वारा प्रदत्त ऋण से खरीदा गया वाहन जहां है, जैसा है, के आधार विक्रय किया जाना है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रं. | शाखा का नाम | ऋणी/जमानतदार का नाम | वाहन का प्रकार | मेक मॉडल | वाहन क्रमांक | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विकास नगर देवास | **ऋणी: श्री माखन सिंह राजपूत पिता श्री बने सिंह राजपूत,** पता: 206-207, वृंदावन धाम, भोपाल रोड,. मक्सी बायपास रोड़, देवास (म.प्र.), **जमानतदार: सुश्री सोनिया सोंगरा पिता श्री रणवीर सिंह चौहान,** पता: 26/1, एनएक्स चामुण्डापुरी, देवास (म.प्र.) | HYUNDAI MOTORS INDIA LTD./ HYUNDAI VENUE 1.4 CRDI MT SX BS4/2019 (Diesel) Chassis No. MALFE81CLKM046699 Engine No. D4FCKM866641 Colour - White Milometer Reading - 100071 Kms Road Tax – Paid upto - 29/12/2034 Seating Capacity – 4+1 | 2019 | MP09 WE 0299 | ₹ 4,50,000.00 / ₹ 45,000.00 |
| 2. | जामगोद | **ऋणी: श्री राहुल पटेल श्री कमल पटेल** पता: मकान न. 202, वार्ड नम्बर 11, आंवलिया पीपलिया, जिला देवास (म.प्र.) | HONDA MOTORCYCLE/ HONDA SP 125 DRUM/2023 Chassis No. ME4JC941JPG077419 Engine No. JC94EG0287882 Body Colour - Pearl Siren Blue-A Milometer Reading - 45029 Kms | 2023 | MP41 ZC 9882 | ₹ 45,000.00 / ₹ 4,500.00 |
| 3. | देवगढ़ | **ऋणी: श्री नवीन जायसवाल पिता श्री दिनेश जायसवाल** पता: 276, ग्राम देवगढ़, तहसील हाटपिपल्या जिला-देवास (म.प्र.) | MARUTI SUZUKI INDIA LTD./ SUPER CARRY PTR STD BS6 PICKUP VAN/2022 (PETROL) (Without Body) Chassis No. MA3EZLF1T00260821 Engine No. G12BN1177859 Colour - Sup White Milometer Reading - 26590 Kms Horse Power(HP)- 64 | 2022 | MP09 LR 9083 | ₹ 1,15,000.00 / ₹ 11,500.00 |

उक्त वाहनों के विक्रय हेतु बंद लिफाफे में निविदा/कोटेशन आमंत्रित हैं। उपरोक्त जिस वाहन हेतु निविदा /कोटेशन प्रेषित किया जा रहा है, उस संबंधित वाहन का विवरण लिफाफे के ऊपर लिखा जावे। निविदा के साथ धरोहर राशि का पे-आर्डर/डिमांड ड्राफ्ट **क्षेत्रीय प्रबंधक, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय,देवास** के नाम पर देय हो, संलग्न करना अनिवार्य हैं। निविदा दिनांक **17.12.2025 को सायं 4:00 बजे** तक **मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, देवास** में जमा किए जा सकते हैं। प्राप्त निविदाएं दिनांक **22.12.2025 को सायं 4:00 बजे** खोली जावेगी एवं अधिकतम राशि प्रस्तावित करने वाले निविदाकर्ता को उक्त वाहनों का विक्रय किया जावेगा। (उक्ततालिका में वर्णित वाहन का निरीक्षण, किसी भी कार्य दिवस पर **प्रात: 11 बजे से शाम 04 बजे तक**, संपर्क सूत्र **मो. नं. 8839929796/8109144904** पर किया जा सकता है। बैंक समस्त/किसी भी निविदा को बिना कारण बताए अस्वीकृत करने का अधिकार रखती है। अन्य विस्तृत शर्तों हेतु क्षेत्रीय कार्यालय, देवास से संपर्क करें। सेवा एवं शर्तें लागू है।

**दिनांक: 02.12.2025**

**क्षेत्रीय प्रबंधक**
**मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, देवास**


## समाचार विशेष

# राहुल की नियुक्तियों पर विवाद

**नई दिल्ली. कांग्रेस पार्टी में नियुक्तियों का दो सिस्टम है. एक है प्रादेशिक क्षत्रपों की सहमति से नियुक्ति का और दूसरा है राहुल गांधी की कोर टीम की मनमाने तरीके से नियुक्ति का. जहां भी प्रादेशिक क्षत्रपों की सहमति से नियुक्ति हुई है वहां सब कुछ ठीक चल रहा है या ठीक चलता दिख रहा है. चुनाव तो पार्टी वहां भी नहीं जीत रही है लेकिन सार्वजनिक विवाद नहीं हो रहे हैं.**



जिन राज्यों में कांग्रेस का आधार खत्म हो गया है वहां भी किसी को बना देन पर कोई विवाद नहीं होता है. जैसे उत्तर प्रदेश में अजय राय अध्यक्ष हैं तो उनका होना न होना कोई मायने नहीं रखता है. सबको पता है कि कोई फैसला करना होगा तो राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा सीधे अखिलेश यादव से बात करेंगे या प्रभारी अविनाश पांडे के जरिए बात होगी. लेकिन जहां पार्टी का कुछ आधार है या पार्टी के पास अच्छे नेता हैं वहां मनमाने तरीके से हुई नियुक्तियों का विरोध हो रहा है.

जहां सहमति से नियुक्ति हुई है, जैसे हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा को विधायक दल का नेता बनाने के बाद नरेंद्र यादव को अध्यक्ष बनाया गया तो सब ठीक है. ऐसे ही हिमाचल प्रदेश में विनय कुमार को बनाया गया है तो प्रतिभा सिंह और सुखविंदर सिंह सुक्खु दोनों खेमे संतुष्ट हैं. लेकिन महाराष्ट्र में हर्षवर्धन सपकाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाने का फैसला किसी के गले नहीं उतर रहा है. वहां कांग्रेस के पास दर्जनों बड़े नेता हैं, जिनके पास अपना आधार है. उनमें से किसी को बनाने पर खींचतान चलती, गुटबाजी होती लेकिन पार्टी के पास एक आधार होता. पर सपकाल को बनाने के बाद कांग्रेस अपना आधार तेजी से खो रही है. ऐसे ही केरल में सन्नी जोसेफ को अध्यक्ष बनाने का फैसला भी कांग्रेस के ज्यादातर नेता हजम नहीं कर पाए. वहां भी कांग्रेस के पास मजबूत नेता हैं.

### सबसे ज्यादा विरोध बिहार की नियुक्तियों का

इससे पहले जम्मू कश्मीर में तारिक हमीद कारा को अध्यक्ष बनाने के फैसले का भी भारी विरोध हुआ था. लेकिन कांग्रेस नेताओं के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी. चुनाव में कांग्रेस बुरी तरह से हारी तो गुलाम अहमद मीर को विधायक दल का नेता बना दिया गया. झारखंड के प्रभारी रहते उन पर कई गड़बड़ियों के आरोप लगे थे. लेकिन पार्टी जीत गई तो उनको पश्चिम बंगाल का प्रभारी बना दिया गया. सबसे ज्यादा विरोध बिहार की नियुक्तियों का हो रहा है. चुनाव से पहले ही विरोध शुरू हो गया था लेकिन अब तो खुल कर पार्टी के नेता लड़ने लगे हैं. पार्टी के कई नेता दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं और राहुल गांधी से मिलने की मांग कर रहे हैं.

# निकाय चुनाव में भावनात्मक मुद्दों की भरमार

**मुंबई.** महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय के चुनाव हो रहे हैं. हालांकि उसके नतीजे सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अधीन होंगे क्योंकि सर्वोच्च अदालत में 50 फीसदी से ज्यादा आरक्षण देने का मामला विचारधीन है. लेकिन दो दिसंबर को होने वाले चुनावों से पहले खूब भावनात्मक मुद्दे उछाले जा रहे हैं. हिंदी भाषी लोगों के साथ मारपीट का काम उद्धव ठाकरे की शिव सेना और उनके चचेरे भाई राज ठाकरे की मनसे कर रहे हैं. इसके बाद मनसे और भाजपा दोनों ने नाम बदलने का भावनात्मक मुद्दा भी उठा लिया है. अब हर जगह से बॉम्बे हटा कर मुंबई करने की मांग शुरू हो गई है.


**[See Regulation 33(2)]**
**BY Regd. A/D, Dasti failing which by Publication.**

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
**(2nd & 3rd Floor, Sachar Vikas Bhawan (BSNL Building), Near Head Post Office, Residency Road, Jabalpur -482001 MP**

**DEMAND NOTICE**

**NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.**

**RC/204/2025** **18-11-2025**

**INDIAN BANK**
**Versus**
**KRATIKA ENTERPRISES THROUGH PROP-SANJAY JOSHI**

**TO**
**(CD 1) KRATIKA ENTERPRISES THROUGH ITS PROP-SANJAY JOSHI**
**1. VILLAGE KALYANPURA, POST NARWAR, TEHSIL AND DISTRICT UJJAIN (M.P.)-456001**
**2. A-85, ABHILASHA COLONY, DEWAS ROAD, UJJAIN**

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY, TRIBUNAL JABALPUR in **OA/945/2017** an amount of **Rs. 5192809.00 (Rupees Fifty One Lakhs Ninety Two Thousands Eight Hundred Nine Only)** along with pendentellite and future interest @ 10 % Simple Interest Yearly w.e.f. 26/10/2017 till realization and costs of **Rs. 54000 (Rupees Fifty Four Thousands Only)** has become due against you (Jointly and severally/ Fully/Limited).

2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.

3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.

4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on **13/02/2026** at 10:30 a.m. for further proceedings.

5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:

(a) Such interests' as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate/execution proceedings.

(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **18/11/2025**

SEAL

**Recovery Officer**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR**